UTTARAKHAND OPEN UNIVERSITY
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
Teenpani By-pass Road, Haldwani, Nainital- 263139 (Uttarakhand)
तीनपानी बाई-पास रोड, हल्द्वानी, नैनीताल- 263139 (उत्तराखण्ड)
फोन (Phone) 05946-286061, फैक्स (Fax) 05946 – 264232
ई-मेल (E-mail) info@uou.ac.in

पत्रांक: UOU/RSD/ 2010/817/I   दिनाँक–13 / 08 / 2020

सेवा में,

समन्वयक
समस्त अध्ययन केन्द्र
उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय
हल्द्वानी (नैनीताल)

महोदय,

आपको अवगत है कि उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा सत्र जुलाई 2020 हेतु प्रवेश प्रक्रिया आरम्भ कर दी गई है।

इस वर्ष प्रवेश सम्बन्धी समस्त कार्य आनलाइन किये जाने हैं। इस हेतु सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट में उपलब्ध प्रवेश विवरणिका में विस्तार से दी गई है।

आनलाइन प्रवेश प्रणाली को विद्यार्थियों की सुविधा हेतु सरलीकृत किया गया है जिससे मोबाइल फोन, कम्प्यूटर, लैपटाप, टैबलेट आदि किसी भी उपकरण में यह सरलता से खुल सके। शुल्क भुगतान भी इन्टरनेट बैंकिग, ए0टी0एम0, डेबिट कार्ड अथवा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जा सके।

इस वर्ष कोविड–19 से उत्पन्न असाधारण परिस्थितियों के कारण पाठ्यक्रमों के प्रचार प्रसार हेतु अभियान आयोजित किया जाना संभव नही है।

अतः विश्वविद्यालय की अपेक्षा है कि समस्त अध्ययन केन्द्र समन्वयक अपने स्तर पर समाचार पत्रों में प्रवेश सम्बन्धी जानकारियाँ हेतु प्रेस वार्ता करें। साथ ही अपने अध्ययन केन्द्र के माध्यम से विद्यार्थियों व अभिभावकों के साथ वर्चुअल बैठक आयोजित कर उन्हे विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारियाँ उपलब्ध करायें।

प्रेस वार्ता के माध्यम से विद्यार्थियों को यह भी अवगत कराने का कष्ट करें कि वे परीक्षा परिणामों की प्रतीक्षा किये बिना ही आगामी कक्षा/सेमेस्टर/वर्ष में प्रवेश ले लें। जिससे उनके पठन पाठन का कार्य सुचारू रूप से संचालित हो सके।

भवदीय,
13/8/2020
निदेशक
निदेशालय, क्षेत्रीय सेवायें

प्रतिलिपिः– निम्न को आवश्यक कार्यवाही एवं सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

01–कुलपति जी के वैयक्तिक सहायक को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02–कुलसचिव।
03–समस्त क्षेत्रीय निदेशक, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी
04–समस्त सहायक क्षेत्रीय निदेशक को इस आशय से कि वे अध्ययन केन्द्रों से समन्वय कर प्रचार प्रसार प्रक्रिया को सुनिश्चित करवायेगें।
05–जन सम्पर्क अधिकारी, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी

निदेशक
निदेशालय, क्षेत्रीय सेवायें